एक नजर में

दीपावली का पर्व 20 अक्टूबर को ही मनाया जाएगा

देवास। प्रसिद्ध वैदिक ज्योतिषाचार्य पंडित दीनदयाल शास्त्री (राजस्थान वाले) ने कहा है कि व्रत, पर्व एवं अनुष्ठानों की तिथियों का निर्धारण पूर्णत: शास्त्रीय गणना एवं धर्मशास्त्रों के आधार पर किया जाता है। ग्रह, नक्षत्र और तिथियों की गणना में गणितीय शुद्धता के साथ धर्मग्रंथों में उल्लिखित नियमों का समावेश किया जाता है। यही कारण है कि स्थान-भेद (लोकेशन) के अनुसार व्रत एवं पर्वों की तिथियों में किंचित अंतर स्वाभाविक एवं शास्त्र-सम्मत माना गया है। पं. शास्त्री ने बताया कि वर्ष 2025 में दीपावली पर्व को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है, किन्तु शास्त्रीय गणना के अनुसार यह पूर्णत: स्पष्ट है कि दीपावली का पावन महापर्व सोमवार, 20 अक्टूबर 2025 को ही मनाया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में अमावस्या तिथि 20 अक्टूबर की रात्रि तक पूर्ण रूप से विद्यमान रहेगी, जबकि 21 अक्टूबर को त्रय प्रहर से अधिक अमावस्या तथा साढ़े तीन प्रहर से अधिक 'वृद्धिगामिनी प्रतिपदा' का संयोग होने से नक्त-व्रत पारण का आवश्यक काल उस दिन उपलब्ध नहीं होगा। ऐसी स्थिति में लक्ष्मी पूजन और दीपावली का उत्सव 20 अक्टूबर को ही करना शास्त्र-सम्मत एवं शुभ फलदायी रहेगा। पं. शास्त्री ने आगे बताया कि लक्ष्मी-पूजन के शुभ मुहूर्त इस प्रकार हैं — प्रदोष काल- सायं 5.46 बजे से 8.18 बजे तक वृषभ काल- सायं 7.08 बजे से 9.03 बजे तक लक्ष्मी पूजन का शुभ समय- सायं 7.08 बजे से 8.18 बजे तक निशीथ काल (महालक्ष्मी पूजा) रात्रि 11.41 बजे से 12.31 बजे तक। उन्होंने कहा कि धर्मशास्त्रीय परंपरा और शुद्ध गणना के अनुसार 20 अक्टूबर को अमावस्या तिथि प्रदोष काल में पूर्ण रूप से विद्यमान रहेगी, अत: इसी दिन दीपावली का पर्व मनाना उचित होगा। पं. दीनदयाल शास्त्री (ज्योतिषाचार्य, राजस्थान) ने आम जन से अपील की है कि शास्त्रों का पालन करते हुए दीपावली पूजन 20 अक्टूबर की रात्रि में ही करें।

बामनिया आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष नियुक्त

देवास। भीम आर्मी संस्थापक आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने रूपेश बामनिया को आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) का देवास जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। बामनिया की नियुक्ति पर पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष बगड़िया, जिला प्रभारी कैलाश प्रिय कलेसरीया, पवन आंवले, जीतू जाटव, अजय खागुड़ा, रामप्रसाद दुजावरा, जितेन अटाडीया, हीरालाल सोलंकी, लक्की पोरवाल, इंदर डोरिया, धर्मेन्द्र मालवीय, संदीप बागानिया, विनोद बागानिया, विनोद चौहान, राजाराम सोलंकी, राहुल सोलंकी, नीलेश, राकेश, रामप्रसाद, कमल चौहान, लाड़सिंग बागड़िया ,संतोष खेलवाल, शुभम मालवीय, राधेश्याम बड़कनीया, रजनीकांत शिंदे, विशाल मालवीय,राज बामनिया , भादर भाई आदि ने बधाई दी।

वसूली पटेल ठाकुर हिम्मत सिंह का निधन

भौरासा। भौरासा नगर के समीपथ गांव जंगीपुर के ठाकुर अमरसिंह पटेल, व बने सिंह पटेल के पिता जी, एव कुंवर, कुलदीप, अभिषेक, अंकित, सचिन के दादा जी वसूली पटेल ठाकुर हिम्मत सिंह का निधन हो गया इनके निधन पर इन्हे श्रद्धांजलि ग्राम बोलाशा पंचायत सरपंच महिपाल सिंह,ठा सौभाग सिंह पटेल,ठा बाबू सिंह पटेल,किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष ठाकुर जीवन सिंह ठा,लाखन सिंह,ठा कैलाश सिंह काकू,ठा राकेश सिंह पटेल,ठा राजेंद्र सिंह,ठा लोकेन्द्र सिंह,ठा हुकम सिंह,ठा गोवर्धन सिंह,ठा जय सिंह ठा अर्जुन सिंह,ठा धर्मेंद्र सिंह,ठा भारत सिंह,ठा भगवान सिंह,ठा आनंद सिंह,ठा जगदीश सिंह,महादेव महाराज,संदीप गोस्वामी,भौरासा से वरिष्ठ पत्रकार राधेश्याम नागर नाना गुरु ,मनोज शुक्ला प्रेस क्लब अध्यक्ष वसूली पटेल जसवंत सिंह राजपूत,पत्रकार अभय नागर,जीवन सिंह ठाकुर ने श्रद्धांजलि दी।

कमला देवी पुरोहित का निधन

देवास। पंडित शिव प्रसाद पुरोहित नर्मदा प्रसाद पुरोहित ओमप्रकाश पुरोहित संतोष पुरोहित कन्हैया पुरोहित एवं पवन हिंदू की माता जी कैलाश पुरोहित की काकी मां मायंद्रहास पुरोहित की दादी मां कमला देवी पुरोहित का निधन इंदौर में हो गया जिनका अंतिम संस्कार नेमावर में मां नर्मदा घाट पर किया। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन नर्मदा घाट नेमावर पर किया। इस दौरान सभी क्षेत्रवासियों ने नेमावर पहुंच करके कमला देवी पुरोहित के निधन पर पुर्व सरपंच राजेंद्र पंचोली, सत्यनारायण तिवारी, डॉ आर सी शर्मा, लखन लाल जोशी, जगदीश थुरवाल, प्रेम नारायण जोनवाल, जगदीश प्रसाद शर्मा, दीपक पंचोली, पटेल भागीरथ लोदवाल, रामकिशोर यादव, संजय गुप्ता, शिव बैरागी, सरपंच लखन लाल उईके, गोपाल जोनवाल, चुन्नी लाल राठौर, हरिप्रसाद मुकाती, प्रहलाद मुकाती, पंडित गोपाल शर्मा, नरेंद्र वर्मा, केदार वर्मा, राजु वर्मा, शिव प्रसाद तिवारी, ओम प्रकाश वैष्णव, हरिओम तिवारी, दिलीप छानवाल, शिव बैरागी, शिव प्रसाद जोशी, संतोष मामा, अमर सिंह मीणा, गोविंद गवली, मोतीलाल धामनिया, मांगीलाल टाटु, मोहन लाल टेलर, बिट्टू वर्मा सहित सभी क्षेत्रवासियों ने मां नर्मदा घाट नेमावर पहुंच करके श्रद्धांजलि अर्पित की।

फुटकर व्यवसायी से बाजार बैठक वसूली नही की जाएगी

देवास। नगर निगम महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल के द्वारा दीपावली के पावन पर्व पर शहर मे फुटकर एवं छोटे व्यवसाई जो कि फुटपाथ पर दीपावली पर्व पर उपयोग मे आने वाली सामग्री मे मिट्टी के दिये एवं गृह सज्जा के सामान का विक्रय करते हैं उनसे बाजार बैठक की वसूली नही करने के निर्देश निगम राजस्व विभाग को दिये गये है। महापौर ने कहा कि हम हमारे प्रधानमंत्री मान. नरेन्द्र मोदी के लोकल फार वोकल को बढावा देने के उद्देश्य को लेकर शहर में ही निर्मित होने वाली सामग्री के छोटे व्यवसायियों को बाजार बैठक वसुली से मुक्त रखा जावेगा तथा दीपावली के पर्व के एक सप्ताह तक बाजार बैठक वसूली नहीं की जावेगी।

आबकारी की कार्रवाई एक वाहन जप्त

देवास। 15 अक्टूबर को आबकारी की सयुंक्त टीम द्वारा आबकारी वृत्त सोनकच्छ क्षेत्र में संदिग्ध स्थानों में पर सर्चिंग की गई जिसमे एक कार वाहन क्रमांक डी वाई 0619 को पकड़ा गया जिसकी डिक्की से 52 पाव देशी मदिरा तथा अन्य स्थानों से 45 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 800 किलो ग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया ,कार्यवाही में कुल 05 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत दर्ज किए गए है,जप्त सामग्री एवं वाहन का मूल्य लगभग 493000 रुपये है । कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक प्रेम यादव , दिनेश भार्गव ,डी पी सिंह,उमेश स्वर्णकार,कैलाश जामोद आबकारी मुख्य आरक्षक राजाराम रायकवार ,दीपक धुरिया आरक्षक अरविंद,निकिता परमार,निहाल ,गोविंद,सनत,राजेश जोशी सैनिक किशोर,अनिल चोहान,अनिल सम्मिलित रहे, इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

मध्य प्रदेश ने राष्ट्रीय जू-जित्सु प्रतियोगिता में रचा इतिहास

15 स्वर्ण समेत 38 पदक जीतकर बना उपविजेता

जिले के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

देवास। अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम, सहारनपुर (उ.प्र.) में 9 से 12 अक्टूबर तक आयोजित नेशनल जू-जित्सु चौंपियनशिप 2025 में मध्य प्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 स्वर्ण, 12 रजत और 11 कांस्य सहित कुल 38 पदक जीतकर उपविजेता की ट्रॉफी अपने नाम की। यह प्रतियोगिता सीनियर वर्ग में आयोजित की गई, जिसमें देशभर के 26 राज्यों से 600 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। मध्य प्रदेश जू-जित्सु संघ के अध्यक्ष विजेंद्र खरसोदिया एवं महासचिव कुमारी रोहिणी कलम ने बताया कि यह अब तक का सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन है। टीम के कोच कुमारी रोहिणी कलम, पंकज पाराशर, कपिल खरे, वैदेही शर्मा, इरफान खान, जवान सिंह, वेदांत खरसोदिया और शैलेंद्र यादव ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के दौरान हर तरफ मध्य प्रदेश का परचम लहराता रहा। गिरजा पाटीदार, निशा पाटीदार, शालू जाट, अमन वर्मा, पीयूष भार्गव अजय कुंभकार, अमन, मेघा कुंभकार एवं अन्य खिलाड़ियों ने भी सराहनीय प्रदर्शन कर देवास जिले का नाम पूरे देश में रोशन किया।

पदक विजेता खिलाड़ी

वेदांत खरसोदिया-स्वर्ण पदक, वैदेही शर्मा - 1 स्वर्ण, 1 कांस्य पदक, उमा पाटीदार - 1 स्वर्ण, 1 कांस्य पदक, सुरेश खरे - 1 स्वर्ण पदक, प्रचंड जामलिया -स्वर्ण पदक, पलक पाटीदार -1 रजत, 1 कांस्य पदक, श्रद्धा पाटीदार - 1 रजत पदक, आभा भगत -1 रजत, 1 कांस्य पदक।

संघ के मुख्य संरक्षक श्रीमती गायत्री राजे पवार विधायक देवास, संरक्षक मनोज चौधरी विधायक हाटपिपलिया, विक्रम सिंह पवार महाराज देवास, श्रवण मिश्रा (प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा खेल प्रकोष्ठ), प्रीतम सिंह सोलंकी, मनोज परमार, अशोक सेन, रजनीश साहू, प्रेम परमार, रश्मि कलम, जितेंद्र पाटीदार, गंगाराम पाटीदार (उपसरपंच), अजय कुंभकार, ऋषभ त्रिवेदी, ऋतिक सोलंकी, रेणुका कलम, मनोज मालवीय, नीरज पाटीदार एवं आशीष पाटीदार ने सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।

सीपीआर जागरूकता सप्ताह अंतर्गत दिलाई प्रतिज्ञा

सीपीआर किस प्रकार दी जाती है इसकी जानकारी दी

कन्नौद। सिविल अस्पताल कन्नौद में सीपीआर जागरूकता सप्ताह अंतर्गत बीएमओ डॉ लोकेश मीणा के द्वारा कर्मचारियों को सीपीआर के बारे में प्रतिज्ञा दिलवाई गई । डॉ मीणा के द्वारा बताया गया कि सीपीआर सप्ताह 13 से 17 अक्टूबर तक मनाया जाएगा । इसका उद्देश्य समुदाय में सी पी आर (कार्डियोपल्मोनरी रिसैसिटेशन)के महत्व के बारे में लोगो को जागरूक करना है जिससे हृदय अघात संबंधी आपात स्थितियों में जीवन बचाने में मदद मिल सके ।

इस अवसर पर बीएमओ डॉ मीणा ने सीपीआर की सही तकनीक और उसके अभ्यास ,हार्ट अटैक आने पर आपात स्थिति में सीपीआर देकर किस प्रकार मरीज की सहायता की जा सकती है इसके बारे में उपस्थित कर्मचारियों एव लोगो को जानकारी दी गई । इस अवसर पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ सानिया मिर्जा,डॉ माल सिंह बेनल ,बीईई दिनेश साहू ,बीसीएम विनोद भंवर ,श्री राम चौहान ,महेंद्र सिंह जादौन ,हरीश शर्मा एवं सिविल अस्पताल कन्नौद का स्टाफ उपस्थित रहा।

सेवा निवृत्त होने पर पाटिल को भावभीनी विदाई दी

देवास। जनता साख सहकारी संस्था मर्यादित देवास के वरिष्ठ लेखपाल रत्नाकर पाटिल के संस्था में 22 वर्षों की सेवा करने के बाद करने के पश्चात आज उन्हें भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी, कार्यकारिणी सदस्य अजय सिंह पंवार, दिलीप सिंह रघुवंशी, संतोष पंचोली, हेमेन्द्र निगम काकू,दिनेश नेरनिया आदि एवं प्रबंधक रामेन्द्र सिंह कुशवाह व स्टाफ द्वारा सेवा निवृत्ति प्रमाण पत्र देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर बधाई दी। इस अवसर पर शेरसिंह चौहान, सुशील पाठक आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।उक्त जानकारी हेमेन्द्र निगम काकू ने दी।

पार्षदों की अनुपस्थिति की दशा में बैठक स्थगित, अब दीवाली बाद होगी

भाजपा पार्षद बैठक में नही हुए शामिल

सोनकच्छ। नगर में विकास कार्यों को स्वीकृति देने व अन्य कई विषयों पर चर्चा करने के लिए नप ने सांतवा साधारण सम्मेलन बुलाया था। लेकिन कई पार्षदों की अनुपस्थिति में बैठक स्थगित करनी पड़ी। बैठक में नप अध्यक्ष श्रुति बघेल, पार्षद कृष्णपालसिंह बघेल, सीता चौधरी, पार्षद शेहजाद बी ही उपस्थित हुए। इस बैठक में एक देश एक चुनाव के समर्थन में प्रस्ताव, आत्मनिर्भर भारत के लिए प्रस्ताव, केंद्र सरकार द्वारा नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफार्मस् के समर्थन में प्रस्ताव, पेयजल व्यवस्था, राजस्व वसूली में वृद्धि, सेवानिवर्त्त हुए कर्मचारी के अवकाश नगदीकरण, निर्माण, जलप्रदाय, हैंडपंप सामग्री की प्राप्त दरों की स्वीकृति, नामांतण प्रकरण की स्वीकृति, विद्युत, स्वच्छता, स्टेशनरी व प्रिंटिंग सामग्री क्रय करने की अनुमति, गीता भवन के लिए भूमि का चिन्हांकन व प्रशासकीय स्वीकृति व विशेष निधि वर्ष 2025-26 के लिए निर्माण करने हेतु प्रस्तावित स्थलों का चयन व प्रशासकीय स्वीकृति के एजेंडे चर्चा होने के लिए रखे जाने थे।

लेकिन भाजपा के पार्षदों ने इस बैठक से दूरी बनाई, जो कि गंभीर चिंता का विषय है। बैठक से पूर्व करीब 1 बजे अमरदास सेनानी को भाजपा पार्षदों की तरफ से फोन किया गया कि, रेस्ट हॉउस पर आपका इंतजार कर रहे। बैठक को लेकर चर्चा करना है। रेस्ट हॉउस पर भाजपा पार्षद दीपशिखा यादव, प्रिया अग्रवाल, सुनीता खेलवाल, महेश यादव, शब्बीर कुरैशी उपस्थित थे। इन लोगों ने गैर जिम्मेदार जनप्रतिनिधि रवैया अपनाते हुए सीएमओ से कहा कि हम इस बैठक में नही आएंगे। इस कारण से बैठक को स्थगित करना पड़ी। साथ ही सीएमओ साधारण सम्मेलन के बैठक रजिस्टर में इसका उल्लेख किया गया। सीएमओ सेनानी ने बताया कि, बैठक पार्षदों की अनुपस्थिति के कारण बैठक स्थगित की है। दीपावली पर्व के बाद पुन: बैठक आयोजित की जाएगी।

सभी के घर दीप जले, दीपावली मने यही प्रयत्न रहना चाहिए-यादव

छोटे व्यापारियों से करें जरूरत की खरीदी

बागली। वर्तमान में त्योहारों का सीजन चल रहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर स्थानीय व्यक्ति को रोजगार देने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में हर भारतीय नागरिक का कर्तव्य है कि वह त्योहार सीजन के समय में जब भी खरीदी करने निकले कोशिश करेगी छोटे व्यापारी से उसकी खरीदी करें और ऐसे व्यापारियों का विशेष ध्यान दें जो बुजुर्ग और महिला हो तथा काम समान लेकर बेचने के लिए निकले हो उन लोगों से खरीदी करते हुए उनका सहयोग करें विशेष कर बुजुर्ग दुकानदारों से छोटी-छोटी वस्तुओं का भाव नहीं करें ऐसा करने से आप उनका अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग कर सकते हैं। वर्तमानमें बागली के बाजार में सीताफल बिकने को आ रहे हैं मुश्किल से 10 से 12 किलो वजन लेकर बुजुर्ग पुरुष या बुजुर्ग महिला 20 से 25 किलोमीटर दूरी तय करके किराया खर्च करते हुए बागली में सीता फल बेचने आ रहे हैं वैसे भी उनके भाव थोक व्यापारियों की अपेक्षा बहुत कम रहते है । 30 से 40 रू किलो सीताफल बेच रहे हैं ऐसी स्थिति में उनके फल खरीदे उनसे भाव कम करने के लिए ना कहे उक्त संदेश बागली नगर परिषद अध्यक्ष के प्रतिनिधि एवं नगर परिषद महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल यादव ने देते हुए कहा कि हम सभी के घर दीप जले दिपावली मने यही प्रयत्न रहना चाहिए। इसी प्रकार मिट्टी के दीपक देसी झाड़ू मोर पंख रंगोली के कलर लक्ष्मी जी के पाने आदि बेचने वाले बेहद गरीब परिवार से जुड़े रहते हैं। जिसमें बच्चे और बुजुर्ग विशेष रूप से इस प्रकार की दुकान लेकरबैठते हैं । ऐसे छोटे दुकानदारों का ध्यान रखते हुए उनसे सामान अवश्य खरीदे । मंगलवार से क्षेत्र में है बाजार की शुरुआत उदय नगर से हो गई है बुधवार को पिपरी में गुरुवार को रामपुरा में शुक्रवार को चापड़ा में शनिवार को दो अन्य जगह एवं रविवार को बागली में रहेगा हाट बाजार तथा सोमवार को पूजा पुर में रहेगा इसलिए खरीदी करते समय कुछ बातों का ध्यान सभी नागरिक रखेंगे तो सभी के घरों में अच्छी दिवाली मनेगी

मिट्टी के दीए बनाने वाले दुकानदारों से नहीं लेंगे टेक्स

बागली विधायक मुरली भंवरा ने बताया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा विगत वर्ष ही प्रस्ताव पारित कर दिया था ।किसी भी हाट बाजार में लोकल संस्कृति के तहत सामग्री बेचने वाले जैसे मिट्टीके दिए मोर पंख हाथों की बनी हुई झाड़ू आदि दुकानों से पंचायत कार्य दुकान टैक्स नहीं लिया जाए है। बाजार की पर्ची भी ऐसे व्यापारियों की नहीं के बराबर काटी जाए ऐसा करने से इन छोटे-छोटे दुकानदारों का प्रोत्साहन बढ़ेगा।

गुरु सिंघ सभा की पूर्ववत कमेटी एक वर्ष के लिए पुन : मनोनीत

काँटाफोड़। स्थानीय श्री गुरु सिंघ सभा मे आगामी श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व को लेकर विशेष मीटिंग आयोजित की गई। जिसमे पुरे साल भर की आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। और नई कमेटी बनाने के लिए एवं गुरु पर्व मानाने सबंधित कार्ययोजना को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। स्थानीय संगत द्वारा पूर्ववत कमेटी के सदस्यो को एक बार फिर विश्वास जताकर श्री गुरु सिंघ सभा की कमान सोपी। जिसमे स. दलजीत सिंघ भाटिया(जीत) को अध्यक्ष, स. सतनाम सिंघ भाटिया को खजाँची, स.हरविंदर सिंघ भाटिया(जैकी) को सचिव, स. हरमीत सिंघ अरोरा (बॉबी) को मैनेजमेंट इंचार्ज, एवं स. हरप्रीत सिंघ टुटेजा (राज) को मिडिया प्रभारी के पद पर पुन: मनोनीत किया। सभी संगत द्वारा गुरु घर की हजूरी मे जयकारा लगाकर नवनयुक्त सदस्यो को बधाई दी।

सभी संगत के द्वारा आगामी श्री गुरुनानक देव जी का प्रकाश पर्व बहुत ही धूमधाम और गुरु महाराज की मर्यादा के अनुसार बनाने का निर्णय लिया गया। जिसमे प्रभातफेरी और विशाल नगर कीर्तन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई एवं नगर कीर्तन का रूट तय किया गया।

विश्व मानसिक दिवस पर स्वास्थ शिविर आयोजित

बागली। शासन के आदेश अनुसार सामुदायिक स्वास्थ केंद्र बागली में एवं उप जेल बागली में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ हेमंत पटेल के मार्गदर्शन में किया गया शिविर में मनोरोग चिकित्सा धर्मेंद्र प्रजापति द्वारा कुल 41 मानसिक रोगियों का परीक्षण कर उपचार किया गया साथी मनोरोग चिकित्सक धर्मेंद्र प्रजापति एवं डाक्टर पटेल द्वारा शिविर में आए रोगियों एम परिजनों को व्याख्यान के माध्यम से समझाया कि मानसिक रोग किसी एक कारण से नहीं, बल्कि जैविक, मनोवैज्ञानिक और पर्यावरणीय कारकों के संयोजन से होते हैं। इनमें आनुवंशिकी परिवार में मानसिक बीमारी का इतिहास मस्तिष्क में रासायनिक असंतुलन न्यूरोट्रांसमीटर में गड़बड़ी गंभीर तनाव या आघात बचपन का दुर्व्यवहार, प्रियजन की मृत्यु, आदि और पर्यावरणीय कारक जैसे सिर की चोट, खराब पोषण, विषाक्त पदार्थों के संपर्क में आना, नशीली दवाओं और शराब का अत्यधिक सेवन शामिल हैं । शिविर में डॉ दिनेश सोलंकी , बि ई ई राधे श्याम चौहान , नन्दकिशोर मोहवाल अनिल ठाकरे ,योगिता योगी मानसी गुप्ता रेणुका धुर्वे एवं अन्य कर्मचारियों का विशेष रूप से उपस्थित रह कर सहयोग किया।

अवैध रूप से लकड़ी परिवहन पर कार्रवाई

सोनकच्छ। जलेरिया सोनकच्छ मार्ग स्थित ग्राम रोशनाबाद के पास बिना नम्बर के ट्रेक्टर ट्राली में आम की लकड़ी अवैध परिवहन करने पर राजस्व विभाग व वन विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही की गयी। मौके पर तहसीलदार ज्योति जाटव, पटवारी व वन विभाग से सुनील मालवीय, वनरक्षक रविन्द्र सोनी, सुनील रावत परिक्षेत्र सहायक प्रीतमसिंह बघेल उपस्थित रहे।

एक नजर क्षेत्र से जुड़े 45 बच्चों का शारीरिक परीक्षण किया

समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत शिविर का आयोजन

बागली। समावेशित शिक्षा अंतर्गत सी डबलयू एस एम आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों के स्वास्थ्य दृष्टि से मूल्यांकन शिविर का आयोजन ऐली मेको के सहयोग संपन्न हुआ यह शिविर ग्राम पंचायत पिपरी में गुरुवार को आयोजित किया गया उक्त शिविर में क्षेत्र से जुड़े 45 बच्चों का शारीरिक परीक्षण किया इनमें तीन बच्चे श्रवण बाधित एवं मानसिक रूप से दिव्यांग 8 बच्चे के साथ ही अस्थि बाधित 28 बच्चों का परीक्षण किया हुआ इन्हीं में दृष्टि बाधित 6 बच्चों का परीक्षण मशीनों द्वारा किया इन दिव्यांग बच्चों को प्रमाण पत्र नहीं दिए गए लेकिन नाम लिख लिए गए हैं ।

प्रमाण पत्र तैयार होते ही उनका वितरण कीया जाएंगा इस दौरान मुख्य डॉक्टर देवेश कुमार डॉक्टर एस के खरे डॉक्टर मीना खरे डॉक्टर प्रशांत गौरव डॉक्टर श्रीमती नेहा जैन एवं शिविर प्रभारी कौशल जोशी अरुण जायसवाल नानूराम बोन्दड जन शिक्षक सरपंच ग्राम पंचायत मोहन सिंह डाबर ग्राम पंचायत सचिव दीपक मनसारे सहायक सचिव कैलाश वासकेल व्यवस्था में लग रहे।